अपील क्रमांक 234/बो.प्र./नि.स./2025
कार्यालय प्रमुख अभियंता (बोधी प्रकोष्ट)
जल संसाधन विभाग,
शिवनाथ भवन, सेक्टर–19,
नवा रायपुर (छ.ग.) अटल नगर,

दिनांक /07/2025

**अपील प्रकरण क्रमांक 234/बो.प्र./नि.सहा./2025**

**अपीलार्थीनी**
श्री संदीप मसीह,
ग्राम जरहाभाठा न्यू लिटिल फलावर के पास,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9300991688

**विरूद्ध**

**उत्तरवादी**
श्री रविकांत साहू
जनसूचना अधिकारी,
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

**आदेश दिनांक 28.07.2025**

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलार्थी श्री संदीप मसीह द्वारा दिनांक 03.07.2025 द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील की सुनवायी, आज दिनांक 28.07.2025 को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर में दोपहर 12.30 बजे प्रारम्भ की गई। सुनवाई के दौरान उत्तरवादी जनसूचना अधिकारी श्री रविकांत साहू, कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर अटल नगर (छ. ग) उपस्थित थे तथा अपीलार्थी उपस्थित।

2. प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है आवेदक/अपीलार्थी ने प्रस्तुत प्रथम अपील प्रकरण में उल्लेख किया है कि उनके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दिनांक 31.01.2023 से आज दिनांक 02.06.2025 तक मुख्य अभियंता (समस्त प्रदेश) जल संसाधन विभाग के द्वारा अतिरिक्त मात्रा के स्वीकृत आदेशों की सत्यापित छायाप्रति दिये जाने हेतु दिनांक 02.06.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया था। किन्तु जनसूचना अधिकारी द्वारा जानकारी न देकर गुमराह किये जाने के कारण असंतुष्ट होकर दिनांक 03.07.2025 को प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है, जो दिनांक 10.07.2025 को प्रथम अपीलीय अधिकारी को प्राप्त हुआ। प्रथम अपील आवेदन पत्र के परीक्षण उपरांत, प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.07.2025 को समय दोपहर 12.30 बजे, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित की गयी। सुनवाई में उपस्थित होने बाबत् अपीलार्थी को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया गया।

3. सुनवाई दिनांक 28.07.2025 को अपीलार्थी के उपस्थित हुए। अपीलार्थी द्वारा अपने अपीलीय प्रकरण में उल्लेख किया गया है कि जनसूचना अधिकारी द्वारा जानकारी न देकर गुमराह किये जाने के कारण असंतुष्ट होकर दिनांक 03.07.2025 को प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है।

4. जनसूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 28.07.2025 को सुनवाई में उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि आवेदक/अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 02.06.2025 को जनसूचना अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) को आवेदन प्रस्तुत किया था, जो जनसूचना प्रकोष्ठ को आवक क्रं. 781 दिनांक 02.06.2025 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी का आवेदन पत्र की वांछित जानकारी हेतु नस्ती सामान्य कक्ष को दिनांक 03.06.2025 को प्रस्तुत की गई जो इस कक्ष को दिनांक 04.06.2025 को इस टीप के साथ प्राप्त हुई कि आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी अतिरिक्त मात्रा के स्वीकृति आदेश शासन द्वारा सीधे मुख्य अभियंता कार्यालय को प्रेषित किया जाता है। अतः सभी मुख्य अभियंताओं को पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। उक्त अंकित टीप अनुसार अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4112275/186/छ.ग./25/5480, दिनांक 10.06.2025 द्वारा सूचित किया गया।

5. चूँकि आवेदक द्वारा दिनांक 02.06.2025 प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन अटल नगर नया रायपुर को दिनांक 31.01.2023 से आज दिनांक 02.06.2025 तक मुख्य अभियंता (समस्त प्रदेश) जल संसाधन विभाग के द्वारा अतिरिक्त मात्रा के स्वीकृत आदेशों की सत्यापित छायाप्रति दिये जाने हेतु को आवेदन प्रस्तुत किया था। तत् संबध में 'जन सूचना अधिकारी' का पत्र क्र. 4112275/छ.ग./2025/5480 दिनांक 10.06.2025 की गई कार्यवाही नियमानुसार की गई प्रकरण का अवलोकन एवं अध्ययन किया गया। तत्पश्चात् आवेदक श्री संदीप मसीह जरहाभाठा बिलासपुर को चाही गई जानकारी निम्नलिखित मुख्य अभियंताओं को सूचना के अधिकार के तहत पत्र लिखकर जानकारी प्राप्त करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

1. मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
2. मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
3. मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
4. मुख्य अभियंता, मिनीमाता हसदेवग बांगो परियोजना, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
5. मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)
6. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

(आफताब आलम सिद्धीकी)
प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं
अधीक्षण अभियंता (बोधी)
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

**पृ.क्रं./234/बो.प्र./नि.स./2025/** 9062 — **रायपुर, दिनांक** 19/09/~~07~~/2025

**प्रतिलिपिः—**

1. अधीक्षण अभियंता, एम.आई.एस. कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, अटल नगर नया रायपुर(छ.ग.) की ओर सचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित। कृपया उक्त आदेश को विभाग के वेबसाईट में अपलोड करें।
2. श्री रविकांत साहू, जनसूचना अधिकारी, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन अटल नगर नया रायपुर(छ.ग.) की ओर सचनार्थ हेतु प्रषित।
3. श्री संदीप मसीह, ग्राम जरहाभाठा न्यू लिटिल फ्लावर के पास, बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9300991688 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(आफताब आलम सिद्धीकी)
प्रथम अपीलीय अधिकारी
एवं अधीक्षण अभियंता (बोधी),
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
नवा रायपुर, अटल नगर,